बलकार सिंह सिद्धू

अकादेमी पुरस्कारः
लोक नृत्य, पंजाब

BALKAR SINGH SIDHU

Akademi Award:
Folk Dance, Punjab

श्री बलकार सिंह सिद्धू का जन्म 12 अगस्त 1952 को पंजाब के अमृतसर जिले के गांव माखन–विंडी में हुआ था। आप बचपन से ही पंजाब के विभिन्न लोक और जनजातीय नृत्यों के प्रति आकर्षित थे। वर्ष 1976–1978 के दौरान सरकारी सेवा में रहते हुए आपने मोहिंदर सिंह के संरक्षण में प्रशिक्षण लिया। आप पंजाबी साहित्य में स्नातकोत्तर और अनुवाद में डिप्लोमा धारक है।

सिद्धू ने प्रख्यात निर्देशकों के साथ कई मंच और नुक्कड़ नाटकों सहित साउंड और लाइट शो में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। निर्देशक, अभिनेता, नर्तक और कोरियोग्राफर के रूप में, आप जापान, वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया में भारतीय सांस्कृतिक समूह का हिस्सा रहे हैंय आपने संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, दक्षिण कोरिया और चेक गणराज्य में पंजाबी लोक नृत्य प्रस्तुत किए। आपने भारत और विदेशों में शैक्षणिक और अन्य संस्थानों में पंजाबी लोक नृत्यों में प्रशिक्षण और कार्यशालाएं भी की हैं। आप कई थिएटर और सांस्कृतिक संघों के सक्रिय सदस्य हैं। सिद्धू ने कई पंजाबी और हिंदी फिल्मों और टीवी धारावाहिकों में अभिनय किया है। 1971 से 1986 तक, सिद्धू ने श्रम ब्यूरो, भारत सरकार में अन्वेषक के रूप में कार्य किया। इसके बाद आप पंजाब सरकार के भाषा विभाग में थे, जहां से 2010 में सहायक निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हुए। 2018–2021 तक आपने टैगोर थिएटर सोसाइटी (चंडीगढ़) के निदेशक के रूप में और फिर चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के सचिव के रूप में कार्य किया, जहां आप वर्तमान में उपाध्यक्ष है। आपके कई प्रकाशन, रिकॉर्डिंग और फिल्में हैं।

श्री बलकार सिंह सिद्धू को पंजाब के लोक नृत्य में योगदान के लिए वर्ष 2020 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Shri Balkar Singh Sidhu was born on 12 August 1952 at village Makhann-Windi in Amritsar district of Punjab. He was fascinated with the various folk and tribal dances of Punjab since his childhood, and has trained under Mohinder Singh during 1976-1978, while in government service. He has a postgraduate degree in Punjabi literature. He also has a diploma in translation.

Sidhu has performed in many stage and street plays and sound and light shows with prominent directors of the region. As director, actor, dancer and choreographer, he has been part of the Indian cultural troupe to Japan, Vietnam, Indonesia and Malaysia; presented Punjabi folk dances in the USA, Canada, England, South Korea and the Czech Republic. He has also imparted training and conducted workshops in Punjabi folk dances in educational and other institutions in India and overseas. He is an active member of many theatre and cultural associations. Sidhu has acted and performed in many Punjabi and Hindi films and TV serials. From 1971 to 1986, Sidhu served as Investigator in the Labour Bureau, Government of India. Thereafter he was with the Language Department, Government of Punjab, from where he retired as Assistant Director in 2010. From 2018-2021 he served as Director, Tagore Theatre Society (Chandigarh) and then as Secretary, Chandigarh Sangeet Natak Akademi, where he is currently the Vice-Chairman. He has several publications, recordings and films to his credit.

Shri Balkar Singh Sidhu receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2020 for his contribution to folk dance of Punjab.